रोल नं. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7

001

201 (HRA)

# 2026

# हिन्दी

समय : 3 घण्टे ]

[ पूर्णांक : 80

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र के **दो** खण्ड **'अ'** तथा **'ब'** हैं। दोनों खण्डों में पूछे गये **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(ii) उत्तर यथासम्भव क्रमवार लिखिए। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## खण्ड-अ

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

हमारे देश ने आलोक व अन्धकार के अनेक युग पार किए हैं, परन्तु अपने सांस्कृतिक उत्तराधिकार के प्रति वह एकान्त सावधान रहा है। उसमें अनेक विचारधाराएँ समाहित हो गईं, अनेक मान्यताओं ने स्थान पाया, पर उसका व्यक्तित्व सार्वभौम होकर भी उसी का रहा।

उसके अन्तर्गत आलोक ने उसकी वाणी के हर स्वर को उसी प्रकार उद्‌भासित कर दिया; जैसे आलोक हर तरंग पर प्रतिबिम्बित होकर उसे आलोक की रेखा बना देता है। एक ही उत्स से जल पाने वाली नदियों के समान भारतीय भाषाओं के वाह्य और आन्तरिक रूपों में उत्सगत विशेषताओं का सीमित हो जाना स्वाभाविक था। कूप अपने अस्तित्व में भिन्न हो सकते हैं, परन्तु धरती के तल का जल तो एक ही रहेगा। इसी से हमारे चिन्तन और भाव जगत में ऐसा कुछ नहीं है, जिसमें सब प्रदेशों के हृदय और बुद्धि का योगदान और समान अधिकार नहीं है। आज हम एक स्वतन्त्र राष्ट्र की स्थिति पा चुके हैं। राष्ट्र की अनिवार्य विशेषताओं में दो हमारे पास हैं- भौगोलिक अखण्डता और सांस्कृतिक एकता, परन्तु अब तक हम उस वाणी को प्राप्त नहीं कर सके हैं जिसमें एक स्वतन्त्र राष्ट्र दूसरे राष्ट्रों के निकट अपना परिचय देता है। जहाँ तक बहुभाषा-भाषी होने का प्रश्न है, ऐसे देशों की संख्या कम नहीं है जिनके भिन्न भागों में भिन्न भाषाओं की स्थिति है। पर उनकी अविच्छिन्न स्वतन्त्रता की परम्परा ने उन्हें सम-विषम स्वरों से एक राग रच लेने की क्षमता दे दी है।

हमारे देश की कथा कुछ दूसरी है। हमारी परतंत्रता आँधी-तूफान के समान नहीं आयी, जिसका

आकस्मिक संपर्क तीव्र अनुभूति से अस्तित्व को कम्पित कर देता है। वह तो रोग के कीटाणु लाने वाले मंद समीर के समान सांस में समाकर शरीर में व्याप्त हो गई है।

(क) हमारा देश प्रमुख रूप से किसके प्रति सावधान रहा है और कैसे? 2

(ख) राष्ट्र की कौन सी दो विशेषताएँ हमारे पास हैं और हमें अद्यतन क्या अप्राप्त है? 2

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

**निर्देशः** निम्नांकित में सही विकल्प छाँट कर लिखिए -

(घ) गद्यांश में "उत्स" शब्द का अर्थ है- 1

(i) विश्राम स्थल (ii) पवित्र स्थल

(iii) अन्तिम स्थल (iv) उद्‌गम स्थल

(ङ) कौन रोग के कीटाणु लाने वाले मंद-समीर के समान आयी- 1

(i) चिन्ता (ii) वाणी

(iii) परतन्त्रता (iv) स्वतन्त्रता

2. दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर किसी **एक** विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए- 8

(क) शिक्षा एवं सदाचार

(i) जीवन में शिक्षा का महत्व

(ii) सदाचार का अर्थ एवं जीवन में प्रयोग

(iii) जन-जीवन में व्याप्त भ्रष्टाचार

(iv) सदाचरण में शिक्षा की भूमिका

(ख) सूचना प्रौद्योगिकी

(i) विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी

(ii) कम्प्यूटर : एक वरदान

(iii) सामाजिक आवश्यकता

(iv) जन-जीवन पर इसका प्रभाव

3. अपने क्षेत्र के विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को विगत दिन आए तूफान व अन्धड़ के कारण गाँव की विद्युत व्यवस्था बाधित होने पर शिकायती पत्र लिखिए। (आपका काल्पनिक नाम क ख ग है।) 4

**अथवा**

आपके विद्यालय में 'वन्देमातरम्' राष्ट्रगीत की 150 वीं रचना जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। आप जनता इंटर कालेज, रामपुर के विद्यार्थी हैं। समारोह के कार्यक्रमों का विवरण देते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। (आपका काल्पनिक नाम अ ब स है।)

4. निम्नलिखित प्रश्नखण्डों का यथा-निर्देश उत्तर दीजिए- 1×4=4

(क) जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ी पूँजी है। (प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए)

(ख) जैसे ही हम घर से बाहर निकले, बारिश होने लगी। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ग) वह एकटक तारों को देखता रहा। (उक्त वाक्य में 'क्रिया-विशेषण' का सही विकल्प छाँटिए)

(i) एकटक (ii) वह (iii) देखता रहा (iv) तारों को

(घ) 'पढ़ाई करो अन्यथा फेल हो जाओगे' (उक्त वाक्य में समुच्चय बोधक शब्द का सही विकल्प छाँटिए)

(i) फेल (ii) करो (iii) अन्यथा (iv) जाओगे

5. निम्नांकित का यथा-निर्देश उत्तर दीजिए- 1×4=4

(क) निम्न में से किस वाक्य में सकर्मक क्रिया है-

(i) बच्चा रोता है। (ii) माँ खीर बना रही है।

(iii) रिया नाच रही है। (iv) हिरन भाग रहे हैं।

(ख) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-

जिस क्रिया का फल सीधा कर्ता पर पड़े, उसे ........ क्रिया कहते हैं।

(ग) 'मोहन पढ़ रहा है' वाक्य में कौन सा वाच्य है-

(i) कर्मवाच्य (ii) कर्तृवाच्य (iii) अकर्तृवाच्य (iv) भाववाच्य

(घ) "वह चुपचाप नहीं बैठ सकता" (भाववाच्य में बदलिए)

6. (क) निम्नांकित में से कौन सा शब्द 'द्विज' के अर्थ में प्रयुक्त नहीं होता है - 1

(i) ब्राह्मण (ii) पक्षी (iii) सिंह (iv) चन्द्रमा

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से "पयोधर" का अर्थ छाँटकर लिखिए- 1

(i) सागर (ii) आकाश (iii) वन (iv) बादल

7. निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर किसी **एक** काव्यांश के नीचे दिये गये किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2×2=4

(i) मधुप गुन-गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन-इतिहास,
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य-मलिन उपहास
तब भी कहते हो- कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे-यह गागर रीति।

(क) कवि तथा कविता का नाम लिखिए।

(ख) मुरझाकर गिर रही पत्तियों से कवि क्या कहना चाहता है?

(ग) कवि ने दुर्बलता किसे कहा है?

(ii) गायक जब अंतरे की जटिल तानों के जंगल में
खो चुका होता है
या अपने ही सरगम को लाँघकर
चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में
तब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है
जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान
जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन
जब वह नौसिखिया था

(क) भटकते स्वर को संगतकार कब संभालता है?

(ख) यहाँ नौसिखिया किसे कहा गया है और किस संदर्भ में?

(ग) 'अनहद' क्या है?

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2×2=4

(क) गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है?

(ख) लक्ष्मण के अनुसार धनुष तोड़ने में राम का कोई दोष क्यों नहीं था?

(ग) बच्चे की दंतुरित मुस्कान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

9. (क) कवि नागार्जुन फसल को किन तत्वों का परिणाम मानते हैं? 1

(ख) 'उत्साह' कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता है? 1

10. निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर किसी **एक** गद्यांश के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2×2=4

(i) पानवाले के लिए यह एक मजेदार बात थी लेकिन हालदार साहब के लिए चकित और द्रवित करने वाली। यानी वह ठीक ही सोच रहे थे। मूर्ति के नीचे लिखा ''मूर्तिकार मास्टर मोतीलाल'' वाकई कस्बे का अध्यापक था। बेचारे ने महीने-भर में मूर्ति बनाकर पटक देने का वादा कर दिया होगा। बना भी ली होगी लेकिन पत्थर में पारदर्शी चश्मा कैसे बनाया जाए- काँचवाला- यह तय नहीं कर पाया होगा। या कोशिश की होगी और असफल रहा होगा। या बनाते-बनाते 'कुछ और बारीकी' के चक्कर में चश्मा टूट गया होगा। या पत्थर का चश्मा अलग से बनाकर फिट किया होगा और वह निकल गया होगा। उफ़ -------!

(क) कौन सी बात पान वाले के लिए मजेदार और हालदार साहब के लिए चकित और द्रवित करने वाली थी?

(ख) अनुच्छेद के अन्त में हालदार साहब द्वारा कहे गए 'उफ़ --------!' से क्या ध्वनित होता है?

(ii) इतना ज़रूर था कि उस ज़माने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थीं बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं इसलिए मोहल्ले के किसी भी घर में जाने पर कोई पाबंदी नहीं थी, बल्कि कुछ घर तो परिवार का हिस्सा ही थे। आज तो मुझे बड़े शिद्दत के साथ यह महसूस होता है कि अपनी ज़िंदगी खुद जीने के इस आधुनिक दबाव ने महानगरों के फ़्लैट में रहने वालों को हमारे इस परंपरागत 'पड़ोस-कल्चर' से विच्छिन्न करके हमें कितना संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया है। मेरी कम-से-कम एक दर्जन आरंभिक कहानियों के पात्र इसी मोहल्ले के हैं जहाँ मैंने अपनी किशोरावस्था गुज़ार अपनी युवावस्था का आरंभ किया था। एक-दो को छोड़कर उनमें से कोई भी पात्र मेरे परिवार का नहीं है।

(क) 'घर की दीवारें पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं' इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) लेखिका के अनुसार 'फ्लैट संस्कृति' में हम असुरक्षित, संकुचित और असहाय क्यों हैं?

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2×2=4

(क) बालगोबिन भगत अपनी पतोहू को उत्सव मनाने को क्यों कहते हैं?

(ख) 'सभ्यता' और 'संस्कृति' के बीच के अंतर को 'संस्कृति' पाठ के आधार पर समझाइये।

(ग) लेखिका मन्नू भण्डारी के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है?

12. (क) आग की खोज के पीछे रही प्रेरणा के मुख्य स्रोत क्या रहे होंगे? 2

(ख) 'नेताजी का चश्मा' पाठ से क्या सन्देश मिलता है? 1

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 2×3=6

(क) गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया है?

(ख) भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न हैं?

(ग) 'साना-साना हाथ जोड़ि ....' पाठ में लेखिका को कब और क्यों लगा कि तमाम भौगोलिक विविधता और वैज्ञानिक प्रगति के बावजूद भारत की आत्मा एक ही है?

(घ) 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर बताइये कि बच्चे माता-पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं?

## खण्ड-ब

14. अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा **त्रीन्** प्रश्नान् पूर्णवाक्येन उत्तरत - 2×3=6

(निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए)

देवभूमि उत्तराखण्डे उत्तरस्यां दिशि श्रीबदरीनाथधाम भगवतः श्रीविष्णोः आराध्यस्थलं वर्तते। मन्दिरमेतत् अलकनन्दानद्याः तटे स्थितमस्ति। आद्यजगद्गुरू शङ्कराचार्येण श्रीबद्रीनारायणस्य मूर्तिः नारदकुण्डात् सम्प्राप्य पुनर्प्रतिष्ठापिता। अस्मिन् देवालये नारायणस्वरूपस्य भगवतः श्रीबद्रीविशालस्य पूजार्चनं विधियते। अत्र मन्दिरं पुरतः स्थिते तप्तकुण्डे जनाः स्नानं कुर्वन्ति।

(क) श्रीबदरीनाथधामः कुत्र वर्तते?

(ख) मन्दिरम् कस्या नद्याः तटे स्थितमस्ति?

(ग) बद्रीनारायणस्य मूर्तिः केन पुनर्प्रतिष्ठापिता?

(घ) जनाः कुत्र स्नानं कुर्वन्ति?

15. अधोलिखितं पद्यांशं पठित्वा **द्वौ** प्रश्नौ पूर्णवाक्येन उत्तरत- 2×2=4

(निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए।)

क्षणशः कणशश्चैव विद्यामर्थं च चिन्तयेत्।
क्षणत्यागे कुतो विद्या, कणत्यागे कुतो धनम्।।

(क) क्षणत्यागे किं न सिध्यति?

(ख) कण त्यागे कुतः किं?

(ग) विद्यामर्थम् इत्यस्य अर्थः कः?

16. पठित पाठाधारितान **त्रीन** प्रश्नान् पूर्णवाक्येन उत्तरत- 2×3=6

(पठित पाठों के आधार पर किन्हीं **तीन** प्रश्नों का पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए)

(क) हिमालयस्य उपत्यकायां कः ग्रामः अस्ति? (ख) श्वेता किं कार्यं कुर्वती अस्ति?

(ग) पिप्पलः किं करोति? (घ) रामेश्वरतीर्थं कुत्र विराजते?

17. अधोलिखितेषु शब्देषु यथोचितं शब्दं चित्वा केवलं **चत्वारि** रिक्त स्थानानि पूरयत- ½×4=2

(निम्नलिखित शब्दों में से उचित शब्द चुनकर किन्हीं **चार** वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए)

| शब्द सूचीः- श्रेष्ठः, ह्रदः, जले, ताडयन्, हिमालयात्, प्रेरयामि |
|---|

(क) एकदा ग्रामे -------- एकः मुनिः आगच्छत्।

(ख) अहं मम पुत्र-पौत्रान् संस्कृतपठनाय --------।

(ग) दशवापी समो -------------- ।

(घ) द्वारकापुरी --------- निमग्ना जाता।

(ङ) सुश्रुतः --------- शल्यचिकित्सकः आसीत्।

(च) एकः कृपणः स्वपुत्रं -------- आसीत्।

18. अधोलिखितेभ्यः यथानिर्देशं केवलं **चत्वारि** प्रश्नान् उत्तरत- 1×4=4

(निम्नलिखित में से निर्देशानुसार किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर दीजिए)

(क) सन्धिं कुरुत (सन्धि कीजिए)-

नै + इका, हरे + अव

(ख) सन्धिविच्छेदं कुरुत (सन्धि विच्छेद कीजिए)-

पवनम्, इत्यादयः

(ग) समास विग्रहं कृत्वा समासस्य नामोल्लेखं कुरुत-

(समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए)

नीलकमलम्, चन्द्रशेखरः

(घ) अधोलिखितेभ्यः पदेभ्यः उपसर्गान पृथक्कृत्वा लिखत-

(निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग अलग कर लिखिए)

उत्थानम्, अनुप्रयोगः

(ङ) कोष्ठके प्रदत्तेषु शब्देषु शुद्ध शब्दं चित्वा रिक्त स्थानानि पूरयत-

(कोष्ठक में दिये शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए)

(i) --------- परितः वृक्षा सन्ति। (ग्रामस्य/ग्रामं)

(ii) सः --------------- खञ्जः अस्ति। (पादेन/पादात्)

19. निम्नांकित शब्दसूचीतः **चतुर्णाम्** शब्दानां वाक्यप्रयोगं कुरुत- ½×4=2

(निम्नांकित शब्दों में से किन्हीं **चार** का वाक्यों में प्रयोग कीजिए)

| | | |
|---|---|---|
| (क) गच्छामः | (ख) पठति | (ग) विद्यालयं |
| (घ) अभितः | (ङ) सा | (च) सन्ति |

**अथवा**

अधोलिखितेभ्यः वाक्येभ्यः **द्वयोः** संस्कृतानुवादं कुरुत- 1×2=2

(निम्नलिखित वाक्यों में से **दो** का संस्कृत में अनुवाद कीजिए)

(क) तुम दोनों विद्यालय जाते हो।

(ख) अयोध्या के राजा का नाम दशरथ था।

(ग) गंगा हिमालय से निकलती है।

*****